अपराध

### इलाज कराने नागपुर गए थे घर के सदस्य, बदमाशों ने दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# ताला तोड़कर लाखों के आभूषण चोरी



**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत साईं कॉलोनी की गली नंबर-6 में स्थित एक सूने घर में अज्ञात बदमाशों ने धावा बोलते हुए लाखों के रूपए के सोने-चांदी के आभूषणों सहित नकदी रूपए पार कर दिए हैं। चोरी की वारदात की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। चोरों की तलाश शुरू कर दी गई है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज को देखा जा रहा है, साथ ही संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है, फिलहाल अज्ञात चोरों के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है। जानकारी के अनुसार, साईं कॉलोनी निवासी अजय बैरागी पिता भारत गुप्ता वर्तमान में कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत अमित सोनी के मकान में किराए से रहता है। अजय अपनी बीमार मां का इलाज कराने के लिए बीते 29 जून 2026 को नागपुर गया हुआ था। इस दौरान उसका पूरा घर सूना था। पीड़ित अजय बैरागी ने बताया कि जब वह 4 जुलाई 2026 को वापस कटनी आया और अपने घर पहुंचा तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर पूरा सामान बिखरा पड़ा था। अज्ञात चोरों ने 2 जुलाई की रात से 3 जुलाई की सुबह के बीच सूने घर का ताला चटकाया और अंदर दाखिल हुए। चोरों ने बेडरूम में रखी अलमारी को खंगालकर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और नगद चोरी कर लिए। चोरों ने घर से 2 नग सोने के हार, 4 नग सोने की अंगूठियां, 3 नग सोने की चेन और भगवान की 1 नग सोने की चेन, चांदी की 3 जोड़ी चांदी की पायल, 2 नग चांदी की करधन और 8 नग चांदी की बिछिया सहित 95 हजार रुपए नगद चोरी कर लिए हैं। घर वापस लौटने और चोरी का पता चलने के बाद पीड़ित ने तत्काल कुठला थाना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। कुठला थाना पुलिस ने आवेदन के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है। क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर चोरों की तलाश की जा रही है। जिले में लगातार हो रही चोरी की वारदातों के कारण पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस की रात्रि गश्त सवालों के घेरे में है। चोरी की वारदातों से लोगों में दहशत का महौल है, खासतौर पर ऐसे लोगों में जो अपने किसी कार्य से घरों में ताला लगाकर जाते हैं। ऐसे घरों में चोरी की वारदातों का खतरा बना रहता है। पुलिस चोरी की वारदातों को रोक पाने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। अधिकांश चोरी के मामलों में पुलिस के पास कोई सुराग तक नहीं है।

## जी-राम-जी योजना से मिलेगा 125 दिन का रोजगार

**नवभारत, कटनी।** ग्रामीण रोजगार और आजीविका को नई दिशा देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार और आजीविका मिशन वीबी-जी राम जी अधिनियम लागू की गई है। इस कानून का उद्देश्य वर्ष 2047 तक ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, कुशल और आधुनिक बनाना है। नए कानून के तहत प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य को एक वित्तीय वर्ष में 125 दिनों के वैधानिक रोजगार की गारंटी दी गई है। केंद्र सरकार ने देशभर में न्यूनतम ग्रामीण मजदूरी 300 रुपए प्रतिदिन निर्धारित की है, जिससे लाखों ग्रामीण श्रमिकों की आय में वृद्धि होगी। जीरामजी कानून में मजदूरी का भुगतान सीधे श्रमिकों के बैंक खाते में किया जाएगा। निर्धारित अवधि के बाद भुगतान में देरी होने पर क्षतिपूर्ति का भी प्रावधान रखा गया है। राज्य सरकारों को बुवाई, कटाई जैसे कृषि के व्यस्त मौसम में अधिकतम 60 दिनों तक रोजगार कार्य स्थगित करने की अधिसूचना जारी करने का अधिकार दिया गया है।



# जीपीएस सिस्टम से चोरी गए ट्रक तक पहुंची पुलिस

**कुठला पुलिस ने की कार्रवाई आरोपी की तलाश जारी**

**नवभारत, कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र से चोरी किए गए ट्रक को पुलिस ने जीपीएस सिस्टम के माध्यम से लोकेशन ट्रेस को उसे बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बताया कि कुठला थाना क्षेत्र के पुरैनी निवासी यश पिता कुंज बिहारी नामदेव ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह टाटा मिनी ट्रक मोबाइल क्रेन में हेल्पर का काम करता है। आई जुलाई की रात में चालक प्रकाश साहू के साथ ट्रक को एचपी पेट्रोल पम्प के सामने पुरैनी रोड किनारे खड़ा किया था अज्ञात व्यक्ति द्वारा रात्रि में चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया था। पुलिस टीम गठित कर ट्रक की तलाश शुरू की गई। पुलिस टीम ने ट्रक में लगे जीपीएस सिस्टम से ट्रक की लोकेशन ट्रेस करते हुए जबलपुर जिले के ग्राम बड़खेरा बिहला मोड़ कच्चा मार्ग पर पुलिस टीम द्वारा चोरी गए ट्रक को बरामद कर लिया है। वाहन की पहचान वाहन स्वामी द्वारा कर दी गई है। पुलिस टीम ट्रक चोरी करने वाले आरोपी की तलाश की जा रही है। फिलहाल ट्रक चोरी करने वाले बदमाश के संबंध में कोई सुराग नहीं मिला है।

कार्रवाई में कुठला थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, विनोद सिंह, प्रधान आरक्षक अजीत मिश्रा, आरक्षक बुद्धू कुमार, राजू मार्को की भूमिका रही। पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल मौर्य और नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा आपराधिक गतिविधियों में अंकुश लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

एक नजर में

## 31 जुलाई तक किसान करा सकते हैं फसल बीमा

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ-2026 के अंतर्गत जिले के कृषकों के लिए अपनी अधिसूचित फसल का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। उपसंचालक कृषि खेलावन डेहरिया ने बताया कि ऐसे ऋणी कृषक जिन्होंने बैंक से फसल ऋण लिया है, वे उसी बैंक में अपना फसल बीमा करवा सकते हैं जबकि ऐसे कृषक जिन्होंने कोई खरीफ फसल का बीमा नहीं कराया है, वे सभी 31 जुलाई तक किसान क्रेडिट कार्ड प्रदाता बैंक, सहकारी समितियों, बैंक, जन सेवा केंद्र, ग्राम पंचायत स्तर पर स्थित जन सेवा केंद्रों के माध्यम से अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। कृषकों को बीमा कराते समय घोषणा पत्र, आधार कार्ड, जमीन सिकमी होने पर शपथ पत्र, ऋण पुस्तिका, बैंक खाते का विवरण, बुवाई प्रमाण पत्र साथ ले जाना अनिवार्य होगा। खरीफ में अनाज और दलहन फसलों के लिए बीमित राशि का 2 प्रतिशत प्रीमियम देय है। धान सिंचित के लिए प्रति हेक्टयर पर 44,800 रूपए कि राशि पर 896 रूपये की प्रीमियम राशि देय होंगी। धान असिंचित के लिए प्रति हेक्टयर पर 31,500 रूपये की राशि पर 630 रूपए का प्रीमियम, मक्का के लिए प्रति हेक्टयर 31,000 रूपए की राशि पर 620 रूपए का प्रीमियम देय है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस पार्टी को करें और मजबूत



**जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा**

**नवभारत, कटनी।** कांग्रेस द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में संगठन सृजन को लेकर ग्राम स्तर पर समिति अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों के दौरे पर लगातार चर्चा की जा रही है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पार्टी को जमीनी स्तर मजबूत बनाए जाने को जोर दिया जा रहा है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने जिले के मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों का दौरा कर संगठन सृजन को लेकर ग्राम समिति अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्षों की बैठक लेते हुए विस्तार से चर्चा कर ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी को और अधिक मजबूत करने पर बल दिया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने मुड़वारा विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पिपरोध,जरवाही, पहाड़ी, बड़ा और लखापतेरी का दौरा ग्रामीण से संवाद किया।

इस दौरान जिला कांग्रेस महासचिव कल्लूदास बैरागी, अमित सिंह चौहान, ब्रजेश जायसवाल, मनोज सिंह, कमलेश सेन, सुरेश यादव, मैकू आदिवासी, प्रवीण हल्दकार सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# स्कूली बच्चों को ले जा रहा ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा

**कई बच्चों को आई चोट सुरक्षा पर उठे सवाल**



**नवभारत, कटनी।** शहर के यातायात और रफ्तार के बीच आज एक बार फिर स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर बड़ी लापरवाही सामने आई है। कटनी के दिव्यांचल मैरिज गार्डन के सामने स्कूली बच्चों से भरा एक तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। गनीमत रही कि घटना के वक्त वहां मौजूद स्थानीय राहगीरों और दुकानदारों ने तत्काल तत्परता दिखाई। राहगीरों ने बिना वक्त गंवाए सीधे मौके पर पहुंचकर पलटे हुए ऑटो से बच्चों को बाहर निकाला। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस हादसे में ऑटो सवार 3 से 4 स्कूली बच्चों को चोटें आई हैं। घटना के तत्काल बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल बच्चों को नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। इस हादसे ने एक बार फिर स्थानीय प्रशासन और यातायात विभाग पर सवाल खड़े कर दिए हैं कि आखिर क्षमता से अधिक और तेज रफ्तार दौड़ने वाले इन स्कूली ऑटो पर लगाम कब लगेगी। घटना की सूचना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना की जानकारी लेकर कार्रवाई की गई है। आपको बतादें कि शहर में संचालित स्कूलों के बच्चों को घरों से स्कूल पहुंचाने और स्कूल से घर ले जाने के लिए काफी संख्या में सवारी ऑटो रिक्शा का उपयोग किया जा रहा है। ऑटो रिक्शा में निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जाता है, स्कूली बच्चों की सुरक्षा से लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है, बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी उदासीन रवैया अपनाए हुए हैं, यातायात पुलिस और परिवहन अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

# राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने की शिक्षा अधिकारी से मुलाकात

**पदोन्नति, क्रमोन्नति सहित शिक्षक हितैषी मुद्दों पर की गई चर्चा**

**नवभारत, उमरियापान।** जिले के शिक्षक प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी सचिदानंद पांडे से सौजन्य मुलाकात की। शासकीय शिक्षक संगठन के जिला महामंत्री अरुण सिंह परिहार ने जानकारी दी कि मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने जिले में पदोन्नति, क्रमोन्नति सहित अनेक शिक्षक हितैषी मुद्दों पर चर्चा की। शिक्षक के समस्या पर भी चर्चा की गई। साथ ही शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण की मांग भी की गई। इस अवसर पर राज्य कर्मचारी संघ के संभागीय कोषाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, शासकीय शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष रजनीश तिवारी, प्रांतीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अनिल परौहा, राज्य शिक्षक कांग्रेस के कार्य. जिलाध्यक्ष बालमुकुंद त्रिपाठी शामिल रहे।



# दवा वितरण काउंटर पर मौजूद कर्मचारी कर रहे मरीजों से अभद्रता

**रीठी अस्पताल में दवा के लिए करना पड़ रहा घंटों इंतजार**



**नवभारत, रीठी।** जिले के रीठी तहसील मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एक बार फिर व्यवस्थाओं को लेकर सवालों के घेरे में है। यहां इलाज कराने के बाद दवा वितरण केंद्र पहुंचे मरीजों को दवाएं लेने के लिए घंटों तक लाइन में खड़ा रहना पड़ रहा है। भीषण गर्मी और लंबी प्रतीक्षा से मरीजों में नाराजगी देखी गई। मरीजों का आरोप है कि अस्पताल में डॉक्टर से परामर्श लेने के बाद जब वे दवा लेने पहुंचे तो दवा वितरण काउंटर पर काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। सिमडारी गांव से आए एक बीपी मरीज ने बताया कि वह करीब एक घंटे से अधिक समय से दवा मिलने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनकी बारी नहीं आई। जब उन्होंने दवा वितरण में हो रही देरी की वजह पूछी तो वहां मौजूद कर्मचारी ने जवाब दिया कि क्या एक काम बस है हमारे पास। इस जवाब के बाद मरीजों में और अधिक नाराजगी देखने को मिली।

अब सवाल यह उठता है कि यदि दवा वितरण का पूरा भार केवल एक कर्मचारी पर है तो अस्पताल के अन्य कर्मचारी क्या जिम्मेदारी निभा रहे हैं, यदि स्टाफ की कमी है तो उसका समाधान क्यों नहीं किया जा रहा और यदि पर्याप्त कर्मचारी मौजूद हैं तो मरीजों को घंटों इंतजार क्यों करना पड़ रहा है सरकारी अस्पतालों का उद्देश्य मरीजों को समय पर उपचार और दवा उपलब्ध कराना है, लेकिन रीठी अस्पताल की यह व्यवस्था मरीजों के लिए परेशानी का कारण बनती नजर आ रही है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले को गंभीरता से लेते हुए दवा वितरण व्यवस्था में सुधार करता है या फिर पहले की तरह इन शिकायतों को भी नजरअंदाज कर दिया जाएगा।

## छात्रवृत्ति की अंतिम तिथि बढ़ी, 31 तक खुलेगा पोर्टल

**नवभारत, कटनी।** पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के विद्यार्थियों को एक और अवसर दिया गया है। ऐसे विद्यार्थी जो किसी कारणवश पूर्व में नवीन या नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए थे, वे अब 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकेंगे। पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक सहायक संचालक ने बताया कि नवीनीकरण आवेदन करने से वंचित रह गए छात्रों के लिए एमपीटास पोर्टल को दोबारा खोला गया है, पात्र छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठाएं।

विकास

### जल्द पूरा होगा जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य, महापौर ने निरीक्षण कर दिए निर्देश

# सड़क चौड़ी होने से सुरक्षित और व्यवस्थित होगा आवागमन, जाम से मिलेगी मुक्ति



**नवभारत, कटनी।** शहर की बहुप्रतीक्षित जगन्नाथ चौक से घंटाघर तक सड़क चौड़ीकरण परियोजना अब अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने पार्षद जनप्रतिनिधियों और निगम अधिकारियों के साथ निर्माणाधीन मार्ग का स्थल निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान महापौर ने बताया कि यह सड़क शहर के सबसे महत्वपूर्ण एवं बहुप्रतीक्षित विकास कार्यों में से एक है। वर्षों से मार्ग संकरा होने के कारण यहां प्रतिदिन यातायात का भारी दबाव रहता था, जिससे नागरिकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। सड़क चौड़ीकरण पूर्ण होने के बाद इस क्षेत्र में यातायात व्यवस्था अधिक सुगम, सुरक्षित और व्यवस्थित होगी। वर्तमान में मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। महापौर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में शीघ्र पूर्ण किए जाएं, ताकि नागरिकों को जल्द से जल्द इस महत्वपूर्ण परियोजना का लाभ मिल सके।

उन्होंने कहा कि नगर का समग्र विकास और नागरिकों की सुविधा नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार आएगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महापौर श्रीमती सूरी को शेष कार्यों की प्रगति से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सभी लंबित कार्यों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान महापौर ने जालपा देवी वार्ड के अन्य स्थलों का भी भ्रमण कर संबंधित अधिकारियों को जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित मॉनिटरिंग, तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष शिब्बू साहू, एडवोकेट सुरेंद्र गुप्ता, पार्षद शकुंतला सोनी, सहायक यंत्री सुनील सिंह,उपयंत्री रवि हनोते, मोना करेरा, मृदुल श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

माँ दुर्गा हॉस्पिटल
विशेषज्ञ चिकित्सक
जनरल सर्जरी
डॉ. एल.एन. खण्डेलवाल
MBBS, MS
वीडियो दूरबीन शल्य चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना चीर फाड़ के ऑपरेशन
आयुष्मान भारत योजना एवं मेडीक्लेम के तहत
ऑपरेशन एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है।
24 घण्टे आपातकालीन चिकित्सा सुविधा
नि:शुल्क सुविधा उपलब्ध है
जनरल लैप्रोस्कोपी (दूरबीन)
ट्रामा, कैंसर सर्जन एवं एण्डोस्कोपिस्ट
डॉ. कमल नयन लहरिया
MBBS, MS, FIAGES, FHBS, FMAS
आदर्श कॉलोनी, कटनी (म.प्र.) 483501 07622&484314, 405850
मैनेजिंग डायरेक्टर-प्रदीप मालिक (राका) E-mail: : maadurgahospital6@gmail.com

गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन हमारी प्रतिबद्धता एवं पहचान है
Reg.No.23101
साईंनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग
2026-27 ADMISSION OPEN
समस्त कोर्स में प्रवेश 6 अगस्त से प्रारंभ
ANM, GNM, P.B-B.Sc., M.Sc. में सीधे प्रवेश प्रारंभ हो गये है सभी कोर्स INC से मान्यता प्राप्त है
ANM (2 वर्षीय) | GNM (3 वर्षीय) | B.Sc. नर्सिंग (4 वर्षीय) | M.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | P.B.B.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | D.El.Ed. (2 वर्षीय)
नर्सिंग करियर की ओर एक कदम
उज्जवल भविष्य और सम्मानजनक करियर, कुशल एवं अनुभवी फैक्ल्टी, आधुनिक लैब और हॉस्पिटल ट्रेनिंग, छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध
राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त SC/ST/OBC/ अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा छात्रवृत्तियां
संपर्क करें 8962262200 9752414319 9425325616
श्री हॉस्पिटल, एम. एम. चौबे वार्ड, एन. एच. 7, बरगवां रोड, कटनी (म.प्र.)

किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं किड्स केयर पब्लिक स्कूल CBSE
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश शुल्क मै 50% डिस्काउंट सिर्फ 30 जून 2026 तक
10 Months Economical Fees Structure.
Well-Experienced & Trained Faculty.
Bus Facility Available
From Classes K.G. - I to XII
न्यूनतम 10 माह की फीस
CONTACT US Phone: 6261958324 WhatsApp: 7897244744 Instagram: kidscaregroupkatni Address: Tilak College Road, Katni
Kids Care Public School, Katni Shahdol Road, Pondi, Katni (M.P.) MO - 7692807777

NALANDA HIGHER SECONDARY SCHOOL
Affiliated to Madhya Pradesh Board of Secondary Education, Bhopal (M.P.)
NURSERY TO XII (ENGLISH MEDIUM) Science, Arts & Commerce
ADMISSION OPEN
FACILITIES
Comfortable Learning Environment for Students
Fully Equipped Labs.
Smart Classes.
Campus Secured with CCTV Camera's
Use of Modern Resources & Technology.
Large Computer Lab with internet Facility
21, CIVIL LINES, KATNI (M.P.) Phone: 07622-420345, 230378 Contact: 95844 36048
nalandaschool.katni@yahoo.com nalandakatni.com

NOBLE HEART PUBLIC HIGHER SEC. SCHOOL
Affiliated by Govt. of MD Education Dept. Bhopal (MP)
ENGLISH MEDIUM
OUR FACILITES
Smart Classrooms
Experienced Faculty
Regular Test Series
Focus on Overall Development
Discipline & Value Education
Bus Facility Available
ADMISSION OPEN Session 2026-27
NURSERY TO CLASS XII
Quality Education Bright Future
CLASS X RESULT 2026
Shweta Pandey 98.4% | Abha Guru 97.6% | Shivi Mishra 97.00% | Kajal Kushwah 96.00% | Anshika Gupta 95.6% | Prashant Mabobia 95.2%
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI(MP) 7869484013, 7389678892